

## बचपन के कोच को उम्मीद

धोनी के बचपन के कोच केशव रंजन बनर्जी, हालांकि ज्यादा फिक्रमंद नहीं हैं। आईपीएल हो या न हीं, बनर्जी का मानना है कि उनका शिष्य टी20 वर्ल्ड कप की टीम में जगह बना लेगा। उन्होंने पीटीआई से कहा, आज के परिदृश्य में, आईपीएल होना संभव नजर नहीं आ रहा और हमें बीसीसीआई के फैसले का इंतजार करना होगा। धोनी के लिए जगह बनाना बेशक बहुत मुश्किल होगा। लेकिन मेरा मन कहता है कि उन्हें टी20 वर्ल्ड कप में जरूर जगह मिलेगी, जो उनका आखिरी होगा।

## आईपीएल पर गहराता संकट, धोनी के करियर पर संशय के बादल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की उम्मीदें थीं। यह भी माना जा रहा था कि अगर वह इस टूर्नमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर पाए तो ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर–नवंबर में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए उनकी जगह बन सकती है। इससे शायद उन्हें खेल को उसी टूर्नमेंट से विदा कहने का मौका मिले जिसने 2007 में उन्हें स्टारडम दिलवाया था। और अब, जब आईपीएल पर ही संशय है, तो धोनी के खेल को विदा कहने के प्लान पर भी कुछ रहस्य गहरा गया है।

# भारतीय खिलाड़ियों के लिए अच्छा विश्राम है मौजूदा ब्रेक

**क्रिकेट**

## यह वक्त क्रिकेट के बारे में सोचने का नहीं: कोच शास्त्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कोविड–19 के कारण पूरी दुनिया मानों रुक जाने से भारतीय टीम को मिला यह विश्राम 'स्वागत योग्य' है जिसने पिछले साल मई में विश्व कप के बाद से महज 10–11 दिन घर पर बिताए हैं।

कोरोना वायरस संक्रमण के कारण दुनिया भर में सारे खेल बंद हैं। शास्त्री ने कहा, 'यह विश्राम बुरा नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड दौरे के आखिर में थकान हावी होने लगी थी। शारीरिक और मानसिक थकान और चोटें।'

वह स्काय स्पोटर्स पॉडकास्टपर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आर्थटन, नासिर हुसैन और रॉब की से बात कर रहे थे। शास्त्री ने कहा कि खिलाड़ी इस समय का इस्तेमाल तरोताजा होने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले



दस महीने में हमने काफी क्रिकेट खेला है जिसकी थकान अब दिखने लगी थी। मैं और सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्य इंग्लैंड में विश्व कप के लिए 23 मई को निकले थे और अब तक 10 या 11 दिन ही घर पर रुक सके हैं।'

उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ी तीनों प्रारूप खेल रहे हैं तो आप समझ सकते हैं कि वे कितने थके होंगे। टेस्ट से टी20 क्रिकेट के अनुकूल खुद को ढालना और इतनी यात्रा करना आसान नहीं है।'

विश्व कप के बाद भारतीय टीम वेस्टइंडीज गई और लंबी घरेलू सीरीज साउथ अफ्रीका के खिलाफ भी खेली। इसके बाद न्यूजीलैंड का पूरा दौरा किया।

भारत में इस समय 21 दिन का लॉकडाउन है और शास्त्री ने कहा कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज रद्द होने के बाद उनके खिलाड़ियों को अनुमान हो गया था कि ऐसा कुछ होगा।

उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान यात्रा में होने के कारण हमें लग गया था कि ऐसा कुछ होगा। बीमारी उसी समय फैलना शुरू हुई थी। दूसरा वनडे रद्द होने के बाद हम समझ गए कि लॉकडाउन जरूरी है।'

उन्होंने कहा, 'जब हम न्यूजीलैंड से लौटे तो शुक्र है कि हम सही समय पर लौट गए । उस समय वहां दो ही मामले थे लेकिन अब 300 हैं। वह हवाई अड्डे पर स्क्रीनिंग और जांच का पहला दिन था।'

शास्त्री ने कहा, 'ऐसे समय में हम सभी का फर्ज है कि लोगों को जागरूक बनाएं। क्रिकेट इस समय दिमाग मे होना भी नहीं चाहिए। विराट ने संदेश दिया है, दूसरे भी दे रहे हैं। उन्हें पता है कि मामला गंभीर है और अभी क्रिकेट जरूरी नहीं है।'

# अनुष्का ने विराट को दिया नया हेयरकट, कोहली बोले शानदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के कारण सारे देश में चल रहे 21 दिन के लॉकडाउन के चलते विराट कोहली इन दिनों क्वारनटाइन में हैं। क्वारनटाइन के दौरान ही उन्होंने एक नया स्टाइलिस्ट से हेयरकट करवाया। यह स्टाइलिस्ट कोई नहीं उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा हैं। बॉलिवुड स्टार ने विराट को नया हेयरकट दिया है। इसका विडियो खुद अनुष्का ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है।

विराट ने इंस्टाग्राम पर लिखा, क्वॉरनटाइन आपके साथ यह करता है। और इसमें अनुष्का विराट के पीछे खड़ी हंसती हुई नजर आ रही हैं। विराट ने कहा आप यह होने देते हैं। आपका हेयरकट



किचन की कैंची से किया जा रहा है। यह कपल हेयरकट के बारे में बात कर रहा है। और आखिर में विराट कहते हैं, मेरी बीवी ने मुझे दिया शानदार हेयरकट। विडियो के आखिर में विराट का नया हेयरकट साफ नजर आता है।


विराट और अनुष्का लगातार लोगों से घर पर ही रहने का अनुरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को भी विराट ने ट्विटर पर विडियो पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने लॉकडाउन को गंभीरता से लेने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा था, मैं विराट कोहली आपसे एक खिलाड़ी के तौर पर नहीं बल्कि एक भारतीय होने के नाते बात कर रहा हूं। जो कुछ मैंने बीते कुछ दिनों में देखा, भीड़, सड़क पर घूमते लोग। कर्फ्यू, लॉकडाउन का पालन नहीं करना। इससे मुझे लगा कि हम इस लड़ाई को बहुत ही साधारण तरीके से देख रहे हैं। उन्होंने कहा, श्यह लड़ाई उतनी साधारण नहीं है, जितनी दिखती है। इसलिए मेरी आज आप सभी से यही विनती है कि आप सोशल डिस्टैंसिंग का पालन करें। सरकार ने हमें जो भी दिशा निर्देश दिए हैं उसे पूरी ईमानदारी से मानें।

## इरफान ने बनाया विडियो, बोले पगार बढ़ाओ पुलिसवालों की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान भी इन दिनों क्वॉरनटाइन में वक्त बिता रहे हैं। इरफान इस वक्त में भी अपने फैंस से जुड़े रहने की कोशिश कर रहे हैं और खूब टिकटॉक विडियो बना रहे हैं। अपने ताजा विडियो में वह एक फिल्मी डायलॉग दोहराते नजर आ रहे हैं। इरफान इस विडियो में कुर्सी पर बैठे हुए हैं और बैकग्राउंड में अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्निपथ का डॉयलॉग चल रहा है।

पठान ने अमिताभ बच्चन का यह स्टाइल कॉपी किया है। इरफान जिस डायलॉग पर एक्टिंग कर रहे हैं वह अमिताभ की मशहूर फिल्म अग्निपथ का है। इरफान ने इस विडियो के साथ कैप्शन दिया है– पुलिस बल के लिए बहुत सम्मान है। कोरोना वायरस के समय वे अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। नियमों का पालन करके आप उनका समर्थन दीजिए। इरफान इन दिनों टिकटॉक पर कई विडियो बना रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने भाई युसुफ के साथ भी एक विडियो साझा किया था। इसमें में यूसुफ एक कुर्सी पर बैठे हुए हैं और इरफान उनसे हाथ मिलाने की कोशिश करते हैं जिस पर यूसुफ उन्हें अजनबी बताते हैं।

## न्यूज डायरी




### कोरोना से लड़ाई में महेंद्र सिंह धोनी ने दिए 1 लाख रुपये दान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। इसका कारण, कोविड–19 के खिलाफ श्जंगश में उनकी ओर से दी जाने वाली 1 लाख रुपये की मामूली राशि है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि धोनी ने 100 परिवारों के लिए एक लाख की डोनेशन दी है। सोशल मीडिया पर यहां तक लिखा गया कि धोनी की सालाना कमाई 800 करोड़ के करीब है और इतने पैसे कमाने के बावजूद उन्होंने मामूली राशि दान की। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पुणे की एक एनजीओ 12.5 लाख का फंड जुटा रही थी जिससे दिहाड़ी मजदूरों की मदद हो सके। उसमें 1 लाख रुपये कम पड़ रहे थे जो धोनी ने अपनी तरफ से दिए। वह इस फंड जुटाने में सबसे ज्यादा राशि दान करने वाले व्यक्ति रहे लेकिन सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। अब उनकी पत्नी साक्षी ने इस पर नाराजगी जाहिर की है।

### पाकिस्तानी अंपायर अलीम डार बेरोजगारों को खिला रहे हैं फ्री खाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तानी अंपायर अलीम डार कोविड19 महामारी के बीच बेरोजगारों को अपने रेस्त्रां में मुफ्त खाना खिला रहे हैं। पाकिस्तान में इन दिनों लॉकडाउन है जहां 1000 से अधिक पॉजीटिव मामले सामने आए हैं। ृदार ने ट्विटर पर एक विडियो संदेश में कहा, 'लॉकडाउन के दौरान लोग बेरोजगार हो गए। मेरा एक रेस्त्रां लाहौर के पिया रोड पर है जिसका नाम दर्स डिलाइटो है। यहां बेरोजगार लोग मुफ्त खाना खा सकते हैं।' पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी भी अपने चौरिटी फाउंडेशन के जरिए राहत कार्य में जुटे हुए हैं। दार ने कहा, 'कोरोना वायरस पूरी दुनिया में फैला हुआ है। पाकिस्तान पर भी इसका असर दिख रहा है। प्रांतीय सरकारों और केंद्र सरकार ने सुरक्षा के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।'

### कोविड–19 से निपटने के लिए जोकोविच ने सर्बिया को दिए 8.3 करोड़ रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। वर्ल्ड नंबर–1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में अपनी ओर से योगदान देने का फैसला किया है। उन्होंने अपने देश सर्बिया को 10 लाख यूरो (करीब 8.3 करोड़ भारतीय रुपये) की मदद देने का फैसला किया। इन पैसों से मेडिकल उपकरण खरीदे जाएंगे। जोकोविच ने सर्बिया के समाचार चौनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि यह पैसा जीवन को बचाने वाले रेसपिरेटर्स और अन्य मेडिकल उपकरणों को खरीदने में इस्तेमाल किया जाएगा। 17 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता इस समय स्पेन के मारबेला में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं मेरे देश और पूरे विश्व के सभी मेडिकल स्टाफ को शुक्रिया कहना चाहता हूं जो कोरोना वायरस से लड़ाई में लोगों की मदद कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्यवश हर दिन ज्यादा से ज्यादा लोग इससे ग्रसित होते जा रहे हैं। मैं और मेरी पत्नी येलेना इस बात की योजना बना रहे थे कि हम कैसे अपने संसाधनों का उपयोग कर जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं।'

### लॉकडाउन के बीच पुलिस की ड्यूटी निभाते भारतीय खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खेल के मैदान पर देश का परचम लहराने वाले कुछ भारतीय खिलाड़ी इस समय कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में देशव्यापी बंद के दौरान पुलिस की अपनी ड्यूटी निभाते हुए सड़कों पर उतरकर लोगों से अपने घरों में रहने का आग्रह कर रहे हैं। विश्व कप विजेता क्रिकेटर जोगिंदर शर्मा, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान राजपाल सिंह, राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज अखिल कुमार और एशियाई खेल चौंपियन कबड्डी खिलाड़ी अजय ठाकुर सभी पूर्णकालिक पुलिस अधिकारी हैं और खेल जगत में उनकी उपलब्धियों के कारण उन्हें यह नौकरी मिली है। मोहाली में डीएसपी के पद पर तैनात राजपाल ने कहा, 'मैं पुलिस की पूर्णकालिक नौकरी कर रहा हूं और इस समय मुख्य काम लॉकडाउन का पालन कराना है।इसके साथ ही जरूरतमंदों को जरूरी चीजें मुहैया कराने पर भी हमारा जोर है।